सामनी विक्रम संवत 2082
सोमवार, 19 मई 2025
वर्ष 6, अंक 178, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 05 MIDDLE

# टैगोर के गीतों पर प्रस्तुति देकर अर्पित की श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को कथक कार्यक्रम अनंतप्रवाह का आयोजन किया गया। इसमें कथक के गुरुओं और शिष्यों ने गुरु रविंद्रनाथ टैगोर के गीतों को नृत्य के जरिये प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आरंभ गीत प्रथोमा शक्ति गीत पर कथक के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। कथक गुरु अंशू शर्मा ने गीत गुहाना कुसुमा अपने शिष्यों के साथ सबका मन मोह लिया। कथक गुरु देबाज्योति नस्कर और रियाश्री चटर्जी ने टैगोर के गीत इशो श्यामलो सुंदरो गीत पर दर्शकों भावुक कर दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।